# करले भरोसा | By Umesh Raj

करले भरोसा श्याम पे प्यारे
तेरा साथ निभाएगा
तेरा ही विश्वास एक दिन
श्याम से तुझको मिलाएगा

जब जब तू ठोकर खायेगा
सामने श्याम को पायेगा
तेरा साया बनकर बाबा
सारे कष्ट मिटाएगा
श्याम को दिल से याद करेगा
श्याम तो दौड़ा आएगा
तेरा ही विश्वास एक दिन
श्याम से तुझको मिलाएगा

अपने दिल की सारी बातें
श्याम को जब तू बताएगा
आँख से आंसू श्याम चरण में
जिस दिन भी तू बहायेगा
बन के तेरा सार्थी बाबा
तुझको गले लगाएगा
तेरा ही विश्वास एक दिन
श्याम से तुझको मिलाएगा

भाव का भूखा है सांवरिया
तुझसे भाव ही चाहेगा
हार तुझको छू ना सकेगी
राही तुझको जिताएगा
श्याम के होते छोड़ दे चिंता
श्याम ही पार लगाएगा
तेरा ही विश्वास एक दिन
श्याम से तुझको मिलाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-by-umesh-raj/